# GRADE 8

## हिंदी

### School Level Examination (SLE) 2025

**SUBJECT CODE** | 6 | 0 | 1 |

**Total Questions:** 40 **Total Marks:** 40 **Time:** 1 Hour

## जब तक निर्देश न दिया जाए, इस पुस्तिका को न खोलें।

- **O.M.R. उत्तर-पत्रक** पर अपना **नाम, कक्षा, रोल नंबर** और अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भरें।
- **केवल HB पेंसिल** का उपयोग करके **O.M.R.** उत्तर-पत्रक भरें।
- सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं और प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का है।
- केवल **O.M.R. उत्तर-पत्रक** का मूल्यांकन किया जाएगा।
- गलत उत्तरों के लिए कोई **नकारात्मक अंक नहीं** है।
- प्रश्न-पत्र के **अंतिम पृष्ठ** का उपयोग **रफ़ कार्य** के लिए किया जा सकता है।
- कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच या मोबाइल फ़ोन जैसे **डिजिटल उपकरणों** की **अनुमति नहीं** है।
- परीक्षा समाप्त होने के बाद, **O.M.R. उत्तर-पत्रक** और **प्रश्न-पत्र** दोनों पर्यवेक्षक को जमा करें।


OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-8_Set-2 new.indd 1 7/8/2025 12:09:46 PM

निर्देश : इस प्रश्न पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं, जिन्हें दो खंडों (क) तथा (ख) में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।

## खंड (क) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

### I. एकल चयन बहुविकल्पीय प्रश्न

निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।

1. 'मगही' किस उपभाषा की बोली है?

(A) बिहारी हिंदी
(B) पश्चिमी हिंदी
(C) पूर्वी हिंदी
(D) पहाड़ी हिंदी

2. इनमें से कौन-सी रचना मलिक मुहम्मद जायसी की है?

(A) सूरसारावली
(B) पद्मावत
(C) गीतावली
(D) पदावली

3. 'भूमिका' शब्द का वर्ण-विच्छेद चुनिए।

(A) भ + उ + म + इ + क + आ
(B) भ् + ऊ + म् + इ + क् + आ
(C) भ + उ + म + ई + क + आ
(D) भ् + उ + म् + ई + क् + आ

4. निम्नलिखित में से गुण संधि का उदाहरण चुनिए।

(A) भानु + उदय = भानूदय
(B) यथा + इष्ट = यथेष्ट
(C) मत + ऐक्य = मतैक्य
(D) महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य

5. 'कृतघ्न' शब्द से बना सही भाववाचक संज्ञा शब्द कौन-सा है?

(A) कृतज्ञ
(B) कृतज्ञता
(C) कृतघ्नता
(D) तीनों विकल्प गलत

6. कौन-सा शब्द 'सार' शब्द के लिए अनेकार्थी नहीं है?

(A) बल
(B) लोहा
(C) निष्कर्ष
(D) शहद

7. कौन-सा शब्द 'उत्कृष्ट' शब्द का सही विलोम शब्द है?

(A) आकृष्ट
(B) विकृष्ट
(C) निकृष्ट
(D) सुकृष्ट



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-8_Set-2 new.indd 2 7/8/2025 12:09:46 PM

8. **'कष्टसाध्य' समस्तपद का सही विग्रह क्या होगा?**

(A) कष्ट में साध्य
(B) कष्ट का साध्य
(C) कष्ट से साध्य
(D) कष्ट की साध्य

9. **'तपस्वी' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा?**

(A) तपोवन
(B) तपस्विनी
(C) तापसी
(D) तपस्या

10. **'ओढ़ने के लिए मुझे भी कुछ दे दो।' वाक्य के रेखांकित पद में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?**

(A) पुरुषवाचक सर्वनाम
(B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(C) निश्चयवाचक सर्वनाम
(D) संबंधवाचक सर्वनाम

11. **निम्नलिखित में से निजवाचक सर्वनाम शब्द चुनिए।**

(A) स्वयं
(B) उनको
(C) वे
(D) क्या

12. **'लगता है आज कोई मेहमान आने वाला है।' वाक्य का रेखांकित पद है–**

(A) परिमाणवाचक विशेषण
(B) सार्वनामिक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण
(D) गुणवाचक विशेषण

13. **किस वाक्य में प्रविशेषण का प्रयोग किया गया है?**

(A) बाहर बहुत तेज़ धूप है।
(B) मेरी पुस्तक में प्रेरणादायी कहानियाँ हैं।
(C) ठेलेवाला हरी सब्ज़ियाँ लाया।
(D) नदी का बहाव तीव्र था।

14. **किस वाक्य में द्‌वितीय प्रेरणार्थक क्रिया है?**

(A) पिता जी बुला रहे हैं।
(B) रीमा नौकर से काम करवाती है।
(C) वह कल नहीं सोया।
(D) थोड़ा उठो-बैठो, तभी ठीक होगे।

15. **'हमें सद्‌गुणों को अपनाना चाहिए।' रचना के आधार पर क्रिया-भेद चुनिए।**

(A) सामान्य क्रिया
(B) संयुक्त क्रिया
(C) नामधातु क्रिया
(D) प्रेरणार्थक क्रिया

16. **'कल रात माता जी सोई नहीं।' वाक्य से बना भाववाच्य का सही वाक्य है–**

(A) कल रात माता जी नहीं सो पाईं।
(B) कल रात माता जी सो नहीं सकीं।
(C) कल रात माता जी से सोया नहीं गया।
(D) कल रात माता जी से सोना नहीं हो सका।

**17. 'डॉक्टर साहब आएँ तो मैं मरीज को दिखाऊँ।' वाक्य में प्रयुक्त काल का भेद बताइए।**

(A) संदिग्ध भूतकाल
(B) हेतु-हेतुमद् भविष्यत काल
(C) संभाव्य भविष्यत काल
(D) हेतु-हेतुमद् भूतकाल

**18. 'अध्यापक ने विद्यार्थियों को पाठ पढ़ाया।' वाक्य का कर्मवाच्य होगा–**

(A) अध्यापक से विद्यार्थियों को पाठ पढ़ा दिया गया।
(B) अध्यापक द्वारा विद्यार्थियों को पाठ पढ़ाया गया।
(C) अध्यापक विद्यार्थियों को पढ़ाया।
(D) अध्यापक से विद्यार्थियों को पाठ पढ़ाया जाता है।

**19. किस वाक्य का रेखांकित पद निपात है?**

(A) तुम्हारे <u>बिना</u> काम नहीं चलेगा।
(B) मैं तो रमा को जानती <u>भर</u> हूँ।
(C) मुझे देर हो रही थी <u>इसलिए</u> मैं रुकी नहीं।
(D) अरुणिमा अभी <u>बाहर</u> गई है।

**20. 'तुम इतना क्यों बोलती हो?' वाक्य में प्रयुक्त क्रियाविशेषण शब्द पहचानकर भेद बताइए।**

(A) तुम – रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(B) इतना – परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(C) क्यों – स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(D) बोलती – कालवाचक क्रियाविशेषण

**21. 'काम करो <u>अन्यथा</u> नौकरी से निकाल दिए जाओगे।' वाक्य का रेखांकित पद क्या है?**

(A) क्रियाविशेषण अव्यय
(B) संबंधबोधक अव्यय
(C) समुच्चयबोधक अव्यय
(D) विस्मयादिबोधक अव्यय

**22. पिता जी ने कहा, "जब तुम्हारा काम खत्म हो जाए, मुझसे मिलना।" वाक्य में प्रयुक्त विराम-चिह्नों के नाम वाला सही विकल्प चुनिए।**

(A) अल्प विराम, दोहरा उद्धरण चिह्न, अल्प विराम, पूर्ण विराम
(B) अर्ध विराम, इकहरा उद्धरण चिह्न, अल्प विराम, पूर्ण विराम
(C) अर्ध विराम, दोहरा उद्धरण चिह्न, अल्प विराम, पूर्ण विराम
(D) अल्प विराम, इकहरा उद्धरण चिह्न, अल्प विराम, पूर्ण विराम

**23. विवरण चिह्न का प्रयोग क्यों किया जाता है?**

(A) किसी बड़े अंश को संक्षेप में बताने के लिए
(B) विभिन्न भावों को व्यक्त करने के लिए
(C) किसी के कथनों को ज्यों का त्यों बताने के लिए
(D) वाक्यांशों में कोई सूचना, निर्देश देने के लिए

**24. 'तनवी ने नौकरी के लिए प्रार्थना-पत्र भेजा। तनवी की नौकरी लग गई।' इन दो वाक्यों को जोड़ने से बना सही संयुक्त वाक्य होगा–**

(A) जब तनवी ने नौकरी के लिए प्रार्थना-पत्र भेजा, तब उसकी नौकरी लग गई।
(B) जैसे ही तनवी ने प्रार्थना-पत्र क्या भेजा, वैसे ही उसकी नौकरी लग गई।
(C) तनवी की नौकरी लगनी ही थी क्योंकि उसने प्रार्थना-पत्र जो भेजा था।
(D) तनवी ने नौकरी के लिए प्रार्थना-पत्र भेजा और उसकी नौकरी लग गई।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सरल वाक्य है?**

(A) मैं सुबह जल्दी उठी और सैर करने चली गई।
(B) जो लोग झूठ बोलते हैं वे मुझे कतई पसंद नहीं।
(C) गड्ढा खोदकर मज़दूर चले गए।
(D) मैंने उसे बहुत समझाया, पर वह न मानी।

**26. 'पहले काम पूरा करो, फिर बातें करना।' अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद चुनिए।**

(A) विधानवाचक वाक्य
(B) आज्ञावाचक वाक्य
(C) इच्छावाचक वाक्य
(D) संकेतवाचक वाक्य

**27. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(A) महात्मा गांधी का देश उपकार नहीं भूल सकता।
(B) भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करने वाला पहला देश है।
(C) रोहन कुत्ते को डंडे से मारा।
(D) आज उसके गुप्त रहस्य का राज़ खुला।

**28. 'कंधे से कंधा मिलाकर चलना' मुहावरे का प्रयोग किस वाक्य में उचित रूप से हुआ है?**

(A) कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले कम बातें करते हैं।
(B) कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले लोग इधर-उधर की बातें करते हैं।
(C) कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले लोगों के लिए हर मुश्किल आसान हो जाती है।
(D) इनमें सभी

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 29 तथा 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

गांधी जी सत्य-धर्म के प्रवर्तक थे। उन्होंने धर्म और राजनीति को कभी अलग नहीं किया। उनके मतानुसार धर्म का अर्थ कोई विशेष संप्रदाय नहीं था। उनका ईश्वर सत्य था और उनके लिए सत्य के रूप थे– प्रेम और अहिंसा। उनके अनुसार एक सच्चा धार्मिक व्यक्ति प्रत्येक मानव को अपने समान समझता है। गांधी जी के अनुसार जगत में जो कुछ अनैतिक है, वह सब हिंसा है। वे भारत पर अंग्रेज़ों के अधिकार को अनैतिक मानते थे इसलिए वे उसका प्रतिरोध और उन्मूलन आवश्यक समझते थे। उनका विचार था कि अन्याय और अनीति के सम्मुख शीश झुकाना पाप है। उनके अनुसार अहिंसावादी व्यक्ति शस्त्र से, दमन-चक्र से और मृत्यु से भयभीत नहीं होता। अहिंसक को व्यक्ति से दुर्भाव नहीं होता। वह कष्ट में पड़े आततायी की सेवा करता है और अपने हृदय में उसके प्रति बैर भाव नहीं रखता।

**29. गांधी जी ने किसे अलग नहीं किया?**

(A) धर्म और राजनीति को
(B) भारत और पाकिस्तान को
(C) सत्य और असत्य को
(D) हिंसा और अहिंसा को

**30. गांधी जी भारत पर अंग्रेज़ों के अधिकार को मानते थे–**

(A) अनैतिक
(B) नैतिक
(C) अन्यायपूर्ण
(D) दुर्भावपूर्ण

## II. बहुचयन बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दो सही विकल्पों का चयन करना है।**

**31. निम्नलिखित में से कौन-सी दो बोलियाँ उत्तराखंड में बोली जाती हैं?**

(A) कुमाऊँनी (B) निमाड़ी

(C) भीली (D) गढ़वाली

**32. निम्नलिखित में से सही संधि-विच्छेद चुनिए–**

(A) निष्ठुर = निः + ठुर (B) सन्मार्ग = सच् + मार्ग

(C) निष्कलंक = निः + कलंक (D) संहार = समः + हार

**33. स्पेसक्राफ़्ट में आई तकनीकी खराबी के कारण आठ दिनों के बजाय 286 दिनों के बाद मार्च 2025 में पृथ्वी पर लौटे दो अंतरिक्ष यात्री हैं–**

(A)

राकेश शर्मा

(B)

सुनीता विलियम्स

(C)

क्लेटन एंडरसन

(D)

बुच विल्मोर

**34. जर्मन भाषा निम्नलिखित में से किन दो देशों में बोली जाती है?**

(A) ऑस्ट्रिया (B) स्वीडन

(C) हॉलैंड (D) जर्मनी

**35. फरवरी 2022 में किन दो देशों के मध्य संघर्ष प्रारंभ हुआ?**

(A) रूस
(B) चीन
(C) यूक्रेन
(D) जापान

## खंड ( ख ) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**36. इनमें से कौन-सा शब्द अलग वर्ग का है?**

(A) चपरासी
(B) दफ़्तर
(C) पिस्ता
(D) दंत

**37. किस वाक्य में 'कौन' का प्रयोग सर्वनाम के रूप में नहीं हुआ है?**

(A) वहाँ कौन रहता है?
(B) आपने जन्मदिन पर देने के लिए कौन-सा उपहार पसंद किया है?
(C) उस कमरे में कौन सो रहा है?
(D) मेरे साथ खेलने कौन चलेगा?

**38. अर्थ की दृष्टि से वाक्य-परिवर्तन करने हेतु इनमें से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(A) प्रश्नवाचक वाक्य बनाते समय वाक्य के अंत में प्रश्नवाचक चिह्न अवश्य लगाना चाहिए।
(B) निषेधात्मक वाक्य बनाने के लिए 'न', 'नहीं' या 'मत' शब्दों का प्रयोग करना चाहिए।
(C) विस्मयादिबोधक वाक्यों में परिवर्तन करने से पूर्व प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग करना चाहिए।
(D) 'मत' का प्रयोग आज्ञावाचक वाक्यों में भी किया जा सकता है।

**39. कौन-सा वाक्य असंगत प्रतीत हो रहा है?**

(A) बच्चों को गाय का शुद्ध दूध पिलाइए।
(B) मैंने आज नाश्ता नहीं किया।
(C) डॉक्टर साहब ने आपको बुलाया है।
(D) मैं दिल्ली में कनॉट प्लेस पर रहता हूँ।

**40. शृंखला को पूरा करने के लिए सोच-समझकर उत्तर चुनिए–**
**के बगैर - के बिना - के अलावा - ..........................**

(A) के अच्छे
(B) के इकट्ठी
(C) के खूब
(D) के सहारे

## SPACE FOR ROUGH WORK





OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-8_Set-2 new.indd 8 7/8/2025 12:09:47 PM